# प्रेस नोट- थाना कोतवाली

## जनपद शाहजहाँपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक – 28.08.2026**

## नवजात गौवंश के अवशेष मिलने की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही, सीसीटीवी से हुआ घटनाक्रम का अनावरण

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में रोकथाम अपराध एवं घटनाओं के त्वरित अनावरण हेतु चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नवजात गौवंश के अवशेष मिलने की सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रकरण का सफल अनावरण किया गया।

**संक्षिप्त विवरणः-**

आज दिनांक 28.08.2026 को समय प्रात: करीब 11:00 बजे मोहल्ला मतानी निवासी हर्ष रावत पुत्र श्री हरिओम रावत द्वारा डायल-112 के माध्यम से सूचना दी गई कि मोहल्ला मतानी में एक नवजात गौवंश के बछड़े के सिर का अगला हिस्सा एवं दो पैर के टुकड़े आवारा कुत्तों का झुंड नोच-नोचकर खा रहा है। सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना कोतवाली पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया गया। मौके पर सूचना में बतायी गयी स्थिति सत्य पायी गयी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जाँच एवं फुटेज का अवलोकन किया गया। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया कि मोहल्ले में कूड़ा डालने हेतु रखी गई कूड़े की ठेली में पड़े नवजात गौवंश को कुछ आवारा कुत्तों द्वारा दाँतों से खींचकर बाहर निकाला गया तथा उसके बाद कुत्तों के झुंड द्वारा काफी समय तक उक्त गौवंश को नोच-नोचकर उसके अंगों को अलग-अलग कर खाया गया। फुटेज में यह भी दिखाई दिया कि कुत्तों द्वारा गौवंश के सिर एवं पैर के हिस्सों को अलग-अलग स्थानों पर ले जाया गया। जाँच के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि घटनाक्रम के समय मौके पर कुछ लोग उपस्थित थे जो अज्ञात सफाई कर्मचारी प्रतीत हो रहे थे तथा उनके सामने ही आवारा कुत्तों द्वारा उक्त गौवंश को सड़क पर क्षत-विक्षत कर खाया जा रहा था। इसके बावजूद उक्त सफाई कर्मियों द्वारा मौके पर पड़े गौवंश के अवशेषों को हटाने अथवा आवश्यक कार्यवाही करने के बजाय उन्हें वहीं छोड़कर कूड़े की ठेली एवं सफाई का झाड़ू लेकर मौके से चले जाना पाया गया। उक्त कृत्य से संक्रमण फैलने की संभावना के दृष्टिगत लापरवाही बरते जाने का तथ्य प्रकाश में आया। उक्त प्रकरण में अज्ञात अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 294/2026 धारा 271/272 बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0 294/2026 धारा 271/272 BNS थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

**संदिग्ध व्यक्ति-**

अज्ञात सफाई कर्मचारी।

## अनावरण करने वाली पुलिस टीम का विवरण :-

1.प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
2.उ0नि0 विनय कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
3.उ0नि0 विशेष कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
4.उ0नि0 भूपेन्द्र राणा थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
5.उ0नि0 मोहसीन थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
6.कम्प्यूटर आपरेटर रिंकू सैनी थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
7.हे0का0 राशिद खान थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
8. रि0का0 गौरव सिंह तोमर थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
9. रि0का0 पंकज कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर